अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

क्र./कुलसचिव/2019/980 रीवा, दिनांक– 27.09.2019

प्रति,

समस्त विभागाध्यक्ष/प्रभारी आचार्य
विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग
अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा

विषय : महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में गांधी साहित्य का सामूहिक वाचन कार्यक्रम कराने के संबंध में।

उपरोक्त विषयानुसार राज्यपाल के सचिव के पत्र क्रमांक/2273/रास/हाहो/2019 दिनांक 15.09.2019 के अनुसार महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में उनकी चिन्तन धारा को युवाओं तक पहुँचाने के उद्देश्य से माननीय राज्यपाल महोदय का यह आह्वान है कि विश्वविद्यालय में गांधी साहित्य का वाचन कराया जाय। अतः प्रदेश के सभी शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों के छात्र/छात्राओं द्वारा गांधी जी की आत्मकथा **'सत्य के प्रयोग'** अथवा **'हिन्द स्वराज'** के समसामयिक गद्यांश का चयन कर 02 अक्टूबर, 2019 को प्रातः 11:00 बजे से सामूहिक वाचन किया जाय।

विश्वविद्यालय की विभिन्न अध्ययन शालाओं एवं संस्थानों में निम्नानुसार कार्यक्रम करवाये जाने हैं–

1. छात्र–छात्राओं द्वारा गांधी जी की आत्मकथा 'सत्य के प्रयोग' अथवा 'हिन्द स्वराज' पुस्तक के समसामयिक गद्यांश का चयन कर 02 अक्टूबर, 2019 को प्रातः 11:00 बजे से सामूहिक वाचन (अध्ययन शालाओं एवं संस्थानों में)

02 अक्टूबर, 2019, प्रातः 11:00 बजे से 11:30

2. अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के पं0शम्भूनाथ शुक्ल सभागार में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजली एवं समीप स्थित सभागार में माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में व्याख्यान

02 अक्टूबर, 2019, प्रातः 11:40 बजे से 01:00

अतः इस कार्यक्रम को निर्देशानुसार **संलग्न रूपरेखा** के अनुरूप संपन्न करवायें एवं 'सत्य के प्रयोग' अथवा 'हिन्द स्वराज' पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

आदेशानुसार

कुलसचिव

प्रतिलिपि : सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. राज्यपाल के सचिव, राजभवन, मध्य प्रदेश ।
2. प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय।
3. संचालक, गांधी अध्ययन केन्द्र, अ0 प्र0 सिंह विश्वविद्यालय, रीवा
4. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण विभाग, अ0 प्र0 सिंह विश्वविद्यालय, रीवा
5. समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण, अ0 प्र0 सिंह विश्वविद्यालय, रीवा
6. कुलपति/कुलसचिव के निज सचिव, अ0 प्र0 सिंह विश्वविद्यालय, रीवा

सहायक कुलसचिव (प्रशासन)

महात्मा गांधी के 150वें जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में गांधी साहित्य सामूहिक वाचन कार्यक्रम की रूपरेखा

उद्देश्य— महात्मा गांधी की विचारधारा से भावी कर्णधारों को अवगत कराना। सामूहिक वाचन द्वारा गांधी की विचारधारा पर समाज में आधुनिक संदर्भ पर चिन्तन।

कार्यक्रम में शामिल संस्थाएँ—

1. प्रदेश में समस्त शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालय।
2. प्रदेश के समस्त शासकीय एवं निजी महाविद्यालय।

रूपरेखा—

1. कार्यक्रम करने हेतु संस्था के पुस्तकालयों में गांधी जी की पुस्तकें 'सत्य के प्रयोग' एवं 'हिन्द स्वराज' पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना। यदि पुस्तक पूर्व से उपलब्ध नहीं है तो उसका क्रय कराया जाय।
2. संस्था में सामूहिक वाचन कार्यक्रम की चर्चा करना एवं सूचना बोर्ड आदि में चस्पाकर प्रचार–प्रसार करना ताकि सभी छात्र/छात्राएं/शिक्षक शामिल हों।
3. कार्यक्रम की फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी करवाना सुनिश्चित करें एवं सी.डी. बनाकर प्रेषित करें।
4. कार्यक्रम में शामिल होने वाले व्यक्ति/छात्र–छात्राओं की संख्या के अनुसार स्थान की उपलब्धता, पुस्तकें/पुस्तक के अंश की छाया प्रतियों आदि की व्यवस्था करना।
5. गांधी साहित्य को स्पष्ट करने वाला व्याख्यान भी वाचन से पूर्व पुस्तक की रूपरेखा पर आयोजित किया जा सकता है।
6. सामूहिक वाचन कार्यक्रम को वर्ल्ड रिकार्ड (प्रतिमान) के रूप में स्थापित करने की योजना है। सत्यापन प्रमाणीकरण के लिए कार्य का उचित अभिलेखीकरण आवश्यक है।
7. कार्यक्रम के पश्चात् सामूहिक वाचन में शामिल होने वाले छात्र–छात्राओं की उपस्थिति नाम सहित अनिवार्यतः प्रतिदिन के आधार पर संधारित की जाय। सामूहिक वाचन में शामिल होने वाले शिक्षकों की संख्या भी अंकित की जाये, उसे कुल योग में जोड़ा जाय।

स.क्र.	छात्र/छात्रा का नाम	हस्ताक्षर

8. निर्धारित समय पर पुस्तक के चिन्हित गद्यांश का सामूहिक वाचन कार्यक्रम संपन्न करवाना। पुस्तक के समसामयिक महत्ता वाले गद्यांश का चयन कर निर्धारित कार्यक्रमानुसार वाचन कराया जाय। वाचन के लिये उपलब्ध करायी गयी गद्यांश की छाया प्रतियॉ संकलित कर संधारित की जाय।

स.क्र.	शिक्षक/छात्र–छात्राओं का नाम	पता	संपर्क नं0/ई–मेल आईडी	हस्ताक्षर

9. उपस्थिति पंजी में सामूहिक वाचन कार्यक्रम का दिनांक, समय, वाचन की जाने वाली पुस्तक का नाम एवं चयनित अंश तथा वाचन अवधि अंकित करवाना सुनिश्चित करें।
10. इसी क्रम में संस्था प्रमुख, प्राप्त उपस्थिति पत्रक के आधार पर अपने हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से निम्नानुसार जानकारी प्रेषित करेंगे।

स.क्र.	शिक्षण संस्थान का नाम एवं पता	प्रमाणित कर्ता का नाम/पद	संपर्क नं0/ई–मेल आईडी	कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों की संख्या